राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–163/2024

क्रॉसवर्ड पहेलियों को हल करने की आदत डालें –राज्यपाल

पटना, 16 अगस्त, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान, पटना में आयोजित नेशनल इंटर कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपेडिशन एन०आई०सी०ई०–2024 का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्रॉसवर्ड पहेलियों (Crossword Puzzles) को हल करना हमारी आदतों में शामिल होना चाहिए। इससे बौद्धिक व मानसिक विकास तथा आत्मविश्वास, समस्याओं को समाधान करने की क्षमता एवं शब्द भंडार में वृद्धि होती है। क्रॉसवर्ड को अतिरिक्त पाठ्यक्रम (Extra Curricular) नहीं बल्कि सह पाठ्यक्रम (Co-Curricular) बनाया जाना चाहिए। इसे पाठ्यक्रम का अंग होना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि सभी समाचार पत्रों में क्रॉसवर्ड होने चाहिए।

राज्यपाल ने उपस्थित प्रतिभागी बच्चों से कहा कि उनका लक्ष्य एक अच्छा व्यक्ति (Good Human Being) बनना होना चाहिए क्योंकि एक अच्छा इंसान हमेशा अच्छा और समाजपयोगी कार्य करता है, चाहे वह किसी भी पेशे से संबंध रखता हो।

इस अवसर पर राज्यपाल ने विजेताओं को दिये जाने वाले टी–शर्ट और घड़ी का विमोचन तथा ट्रॉफी का अनावरण किया। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत भी किये।

कार्यक्रम को रेरा, बिहार के अध्यक्ष एवं एक्स्ट्रा–सी के मुख्य सलाहकार श्री विवेक कुमार सिंह, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव श्री दिवेश सेहरा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के निदेशक–सह–विशेष सचिव श्री उदयन मिश्रा ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर सी०आई०एम०पी० के निदेशक डॉ० राणा सिंह एवं मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी श्री कुमोद कुमार, संकाय सदस्यगण, विद्यार्थीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....